<u>प्रैस विज्ञप्ति 01.03.2021</u>

आज दिनांक 01 मार्च 2021 को अग्रवाल महाविद्यालय बल्लबगढ़ में उद्यमिता क्लब द्वारा एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसका विषय था “Entrepreneurship is an alternate career option. 10 Small steps to prepare for it lets get started. इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में चार्टेड अकॉउंटेंट प्रियंका गर्ग जी थी जो खुद एक सफल उद्यमी हैं। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ० कृष्णकांत गुप्ता जी के मार्गदर्शन में इस तरह के कार्यक्रम होते रहते हैं जिसमें विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ साथ बाहरी वातावरण और अर्थव्यवस्था से अवगत कराया जाता है। उन्हें बाजारिक गतिविधियों की जानकारी भी होती रहती है। कार्यक्रम की शुरुआत डॉ० शिल्पा गोयल द्वारा मुख्य वक्ता के स्वागत के साथ हुई। चार्टेड अकॉउंटेंट प्रियंका गर्ग ने विद्यार्थियों को व्यवसाय की महत्वता और क्षेत्र से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि व्यवसाय की शुरुआत कैसे की जा सकती है। उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा भी बहुत सारी योजनाएं इस क्षेत्र में जारी की गयी है जिनकी सहयता से आज व्यवसाय की शुरुआत सरल हो गयी है। उन्होंने विद्यार्थियों से व्यवसाय शुरू करने के अनेकों व्यावसायिक विचार भी साँझा किये। उन्होंने व्यवसाय में आने वाली चुनौतियों से भी अवगत कराया और बहुत सरल शब्दों में इन चुनौतियों के निवारण के तरीके भी बताये। उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा बहुत तरह के प्रलोभन और राहतें भी दी जा रही हैं व्यवसाय को शुरू करने के लिए। संगोष्ठी के दौरान और उपरांत विद्यार्थियों ने प्रश्नों के माध्यम से अपनी जिज्ञासाओं को शांत किया। सी० ए० प्रियंका गर्ग ने भी बड़ी सहजता के साथ उनके सभी प्रश्नों का उत्तर दिया और उनका मार्गदर्शन किया। इस संगोष्ठी में लगभग 100 से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस अवसर पर संगोष्ठी के संयोजक डॉ० मनोज शुक्ला, सह संयोजक डॉ० शिल्पा गोयल, आयोजक समिति के सदस्य डॉ० डिंपल और डॉली एवं अन्य प्राध्यापकगण उपस्थित थे। कार्यक्रम का समापन डॉ० शिल्पा गोयल के धन्यवाद ज्ञापन के द्वारा हुआ।